# राजस्थान विधान सभा की कार्यवाही का वृत्तान्त

अंक: 08] पन्द्रहवीं विधान सभा के आठवें सत्र का एक सौ तिहत्तरवां दिवस [संख्या: 23

**शुक्रवार,**

**14 जुलाई 2023**

**(राजस्थान विधान सभा की बैठक 13.15 बजे**

**राजस्थान विधान सभा भवन, जयपुर में प्रारम्भ हुई।)**

**(श्री सी.पी. जोशी, अध्यक्ष, पदासीन)**

## राष्ट्रीय गीत

वन्दे मातरम्। वन्दे मातरम्।
सुजलाम् सुफलाम् मलयज शीतलाम्।
शस्य श्यामलाम् मातरम्। वन्दे मातरम्।
शुभ्र ज्योत्स्नाम् पुलकित यामिनीम्।
फुल्ल कुसुमित द्रुमदल शोभिनीम्।
सुहासिनीम् सुमधुर भाषिणीम्।
सुखदाम् वरदाम् मातरम्।
वन्दे मातरम्। वन्दे मातरम्।

## सदन पटल पर रखे गये पत्र

**श्री अध्यक्षः** सदन की मेज पर रखे जाने वाले पत्रादि। प्रमुख सचिव, विधान सभा।

**प्रमुख सचिव, राजस्थान विधान सभाः** माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपकी अनुमति से राजस्थान विधान सभा के...(व्यवधान) विगत एवं वर्तमान सत्र में पारित उन विधेयकों का विवरण सदन की मेज पर रखता हूं जिन पर राष्ट्रपति महोदय एवं राज्यपाल महोदय की अनुमति प्राप्त हो चुकी है:-

**श्री मदन दिलावर** (रामगंज मण्डी): माननीय अध्यक्ष महोदय, ...(व्यवधान) एक अनुसूचित जाति की लड़की की हत्या कर दी गयी ....(व्यवधान) उसका अपहरण करके ले गये।

**(भारतीय जनता पार्टी के माननीय सदस्यों द्वारा नारे)**

**श्री सतीश पूनियां** (आमेर): अध्यक्ष महोदय, सामान्य...(व्यवधान) घटना नहीं है। गंभीर विषय है।

## सदन कूप में

**(भारतीय जनता पार्टी के माननीय सदस्यों द्वारा सदन कूप में प्रवेश एवं नारे)**

## राष्ट्रपति महोदय से अनुमति प्राप्त विधेयक

**प्रमुख सचिव, राजस्थान विधान सभाः** राष्ट्रपति महोदय से अनुमति प्राप्त विधेयक:

दण्ड प्रक्रिया संहिता (राजस्थान संशोधन) विधेयक, 2022

## राज्यपाल महोदय से अनुमति प्राप्त विधेयक

राज्यपाल महोदय से अनुमति प्राप्त विधेयक:-

1. राजस्थान स्वास्थ्य का अधिकार विधेयक, 2022
2. नाथद्वारा मन्दिर (संशोधन) विधेयक, 2022
3. श्री सांवलियाजी मन्दिर (संशोधन) विधेयक, 2022
4. राजस्थान विनियोग (सं. 1) विधेयक, 2023
5. राजस्थान विनियोग (सं. 2) विधेयक, 2023
6. राजस्थान वित्त विधेयक, 2023
7. बाबा आमटे दिव्यांग विश्वविद्यालय, जयपुर विधेयक, 2023
8. राजस्थान सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (स्थापना और प्रवर्तन का सुकरीकरण) (संशोधन) विधेयक, 2023
9. जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय, रानपुर (कोटा) विधेयक, 2023
10. राजस्थान नगरपालिका (संशोधन) विधेयक, 2023

**(भारतीय जनता पार्टी के माननीय सदस्यों द्वारा सदन कूप में प्रवेश एवं नारे)**

**श्री अध्यक्षः** माननीय सदस्य, नहीं सुनना है? धन्यवाद। संयम लोढ़ा।

# समिति प्रतिवेदन

## नियम समिति का प्रतिवेदन (क्रम संख्या 1)

**श्री संयम लोढा** (सिरोही): माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपकी अनुमति से नियम समिति 2023-24 के प्रथम प्रतिवेदन का उपस्थापन करता हूं।

**श्री अध्यक्षः** माननीय सदस्य, सुनना नहीं है? हाउस आप चलाएंगे? सुनना नहीं है? आपको सुनना नहीं है? मन में आए जो करिये।

कार्य सलाहकार समिति का प्रतिवेदन।

**(भारतीय जनता पार्टी के माननीय सदस्यों द्वारा सदन कूप में नारे)**

## कार्य सलाहकार समिति का प्रतिवेदन (क्रम संख्या 38)

**श्री महेन्द्र चौधरी** (सरकारी उप मुख्य सचेतक): अध्यक्ष महोदय, मैं आपकी अनुमति से कार्य सलाहकार समिति के अड़तीसवें प्रतिवेदन का उपस्थापन करता हूं।

कार्य सलाहकार समिति की बैठक दिनांक 13 जुलाई, 2023 को मध्याह्न पश्चात् 3.30 बजे माननीय अध्यक्ष के वेश्म (चैम्बर) में हुई। समिति ने निर्णय लिया कि सोमवार, दिनांक 17 जुलाई 2023 एवं मंगलवार दिनांक 18 जुलाई 2023 को सदन में लिये जाने वाले कार्य का बंटवारा निम्न प्रकार किया जाए:-

| | |
|---|---|
| सोमवार, दिनांक 17 जुलाई 2023 | 1. महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट आफ गवर्नेंस एण्ड सोशियल साइंसेज विधेयक, 2023;<br>2. राजीव गांधी फिनटेक डिजिटल संस्थान विधेयक, 2023; एवं<br>3. राजस्थान विश्वविद्यालयों के अध्यापक (अस्थायी अध्यापकों का आमेलन) (संशोधन) विधेयक, 2023<br>-पर विचार एवं पारण |
| मंगलवार, दिनांक 18 जुलाई 2023 | 1. राजस्थान कारागार विधेयक, 2023; एवं<br>2. राजस्थान संगठित अपराध का नियंत्रण 2023; विधेयक,<br>-पर विचार एवं पारण |

अध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं कि यह सदन कार्य सलाहकार समिति के अड़तीसवें प्रतिवेदन पर अपनी सहमति प्रकट करता है।

**श्री अध्यक्षः** प्रश्न यह है कि यह सदन कार्य सलाहकार समिति के 38वें प्रतिवेदन पर अपनी सहमति प्रकट करता है?

**(स्वीकृत)**

सदन द्वारा सहमति प्रदान की गयी।

# विधायी कार्यः विधेयक का पुरःस्थापन

## राजस्थान विधियां निरसन विधेयक, 2023

विधायी कार्य। पुरःस्थापित किये जाने वाले विधेयक। राजस्थान विधियां निरसन विधेयक, 2023. शान्ती कुमार धारीवाल।

**श्री शान्ती कुमार धारीवाल** (स्वायत्त शासन, नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री): अध्यक्ष महोदय, मैं आपकी अनुमति से राजस्थान विधियां निरसन विधेयक, 2023 को पुरःस्थापित करने की आज्ञा के लिए प्रस्ताव करता हूं।

**श्री अध्यक्षः** प्रश्न यह है कि राजस्थान विधियां निरसन विधेयक, 2023 को पुरःस्थापित करने की आज्ञा प्रदान की जाए?

**(स्वीकृत)**

विधेयक को पुरःस्थापित करने की आज्ञा प्रदान की गयी।

प्रभारी मंत्री।

**श्री शान्ती कुमार धारीवाल** (स्वायत्त शासन, नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री): अध्यक्ष महोदय, मैं आपकी अनुमति से राजस्थान विधियां निरसन विधेयक, 2023 को पुरःस्थापित करता हूं।

## राजस्थान राज्य मेला प्राधिकरण विधेयक, 2023

**श्री अध्यक्षः** राजस्थान राज्य मेला प्राधिकरण विधेयक, 2023. मुरारी लाल मीणा।

**श्री मुरारी लाल** (राज्य मंत्री, कृषि विपणन): अध्यक्ष महोदय, मैं आपकी अनुमति से राजस्थान राज्य मेला प्राधिकरण विधेयक, 2023 को पुरःस्थापित करने की आज्ञा के लिए प्रस्ताव करता हूं।

**श्री अध्यक्षः** प्रश्न यह है कि राजस्थान राज्य मेला प्राधिकरण विधेयक, 2023 को पुरःस्थापित करने की आज्ञा प्रदान की जाए?

**(स्वीकृत)**

विधेयक को पुरःस्थापित करने की आज्ञा प्रदान की गयी।

प्रभारी मंत्री।

**श्री मुरारी लाल** (राज्य मंत्री, कृषि विपणन): अध्यक्ष महोदय, मैं आपकी अनुमति से राजस्थान राज्य मेला प्राधिकरण विधेयक, 2023 को पुरःस्थापित करता हूं।

**(भारतीय जनता पार्टी के माननीय सदस्यों द्वारा सदन कूप में नारे)**

**श्री अध्यक्षः** माननीय सदस्य, शोकाभिव्यक्ति। शोकाभिव्यक्ति, माननीय सदस्य। शोकाभिव्यक्ति। माननीय सदस्य, माननीय सदस्य। (व्यवधान)

**श्री गोविन्द सिंह डोटासरा** (लक्ष्मणगढ़): राजेन्द्र राठौड़ जी के नेता, प्रतिपक्ष बनने के बाद यही काम होगा... (व्यवधान)

**श्री अध्यक्षः** माननीय सदस्य।

**श्री गोविन्द सिंह डोटासरा** (लक्ष्मणगढ़): राजेन्द्र राठौड़ जी के नेता, प्रतिपक्ष बनने के बाद आपको एक भी काम की बात नहीं कहने देगा... (व्यवधान)

**श्री अध्यक्षः** माननीय सदस्य।

**श्री गोविन्द सिंह डोटासरा** (लक्ष्मणगढ़): देश के प्रधान मंत्री केवल मन की बात करते हैं, काम की बात नहीं करते। (व्यवधान)

**श्री अध्यक्षः** माननीय सदस्य।

**श्री गोविन्द सिंह डोटासरा** (लक्ष्मणगढ़): वैसे ही राजेन्द्र जी राठौड़ कभी भी काम की बात नहीं कर सकते...(व्यवधान)

**श्री अध्यक्षः** माननीय सदस्य। माननीय सदस्य, मैं माननीय विपक्ष के नेता से निवेदन करूंगा कि जनता की समस्या उठाने का आपको पूरा अधिकार है, लेकिन उसका एक तरीका है। आप चैम्बर में आते, बात करते। आप डिस्प्ले कर रहे हो। आप खुद इतने सीनियर हो। मैं समझता हूं कि मैं यह एक्सपेक्ट नहीं करता कि हम सदन को नियमों और कानून से चलाना चाहते हैं या अपन यह करना चाहते हैं। मैं अध्यक्ष की हैसियत से, सदन में आपका जो अधिकार है उस अधिकार से मैं आपको वंचित नहीं करूंगा, पर यदि आप मुझे इम्पोज करोगे तो मैं अध्यक्ष के अपने सारे अधिकार का उपयोग करूंगा।

**श्री राजेन्द्र राठौड़** (नेता, प्रतिपक्ष): अध्यक्ष महोदय, हमारा इरादा कतई आसन का अपमान करना नहीं है। हम चाहते हैं कि सदन चले, पर टोडाभीम की कल की घटना कुछ ऐसी हो गई, जिसके कारण से उद्वेलित होना ...(व्यवधान)

**श्री अध्यक्षः** माननीय सदस्य।

**श्री राजेन्द्र राठौड़** (नेता, प्रतिपक्ष): अध्यक्ष महोदय, अगर ये ऐसा करेंगे, अगर इनका रवैया ऐसा रहेगा... (व्यवधान) यह सदन इनकी बपौती नहीं है।

**श्री अध्यक्षः** माननीय सदस्य।

**श्री राजेन्द्र राठौड़** (नेता, प्रतिपक्ष): यह सदन इनकी बपौती नहीं है। (व्यवधान)

**श्री अध्यक्षः** माननीय सदस्य, मेरा काम है, मेरा काम है। (व्यवधान) पूनियां जी, मेरा काम है। पूनियां जी, मेरा काम तो आप मत करो, बैठो आप। (व्यवधान) माननीय गोविन्द जी, माननीय सदस्य। अंकित नहीं होगा। माननीय सदस्य, प्लीज। मैं जब इनसे एक्सपेक्ट करता हूं तो आप से भी एक्सपेक्ट करता हूं। जब भी लीडर ऑफ दी हाउस, लीडर अपोजीशन बोलें, प्लीज डेकोरम मेंटेन करें। यह प्रिविलेज है लीडर आफ दी अपोजिशन का। ये बोल रहे थे इन्होने यील्ड नहीं किया, गलत परम्परा नहीं डालें। माननीय, राठौड़ साहब।

## अनुरोध एवं मांग

### टोडाभीम की घटना पर राज्य सरकार से वक्तव्य की मांग

**श्री राजेन्द्र राठौड़** (नेता, प्रतिपक्ष): अध्यक्ष महोदय, अकस्मात जो घटना हो गई उस कारण उद्वेलित हुए। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं आज पहला दिन है, सदन की कार्यवाही जब भी चलेगी, सारगर्भित तरीके से अपनी बात कहेंगे। आपने हमेशा प्रतिपक्ष को मौका दिया है, इसलिए हमारा इरादा कतई विधान सभा को डिस्टर्ब करने का नहीं है। यह जो टोडाभीम की घटना है, इस पर सरकार का स्टेटमेंट आना चाहिए। आज वहां धरना लगा हुआ है। अध्यक्ष महोदय....

**श्री अध्यक्षः** अभी नहीं, मैं आपकी सब बात सुनूंगा।

**श्री राजेन्द्र राठौड़** (नेता, प्रतिपक्ष): धन्यवाद, अध्यक्ष महोदय।

# शोकाभिव्यक्ति एवं श्रद्धांजलि

**श्री अध्यक्ष:** माननीय सदस्यगण, शोकाभिव्यक्ति के इस अवसर पर मैं गत दिनों दिवंगत हुए पंजाब के पूर्व मुख्य मंत्री श्री प्रकाश सिंह बादल और इस सदन के पूर्व सदस्य श्री अब्दुल अजीज, श्रीमती पुष्पा देवी एवं श्री भंवरलाल जोशी के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए यह शोक प्रस्ताव प्रस्तुत करता हूं।

## प्रकाश सिंह बादल, श्री, पूर्व मुख्य मंत्री (पंजाब)

पंजाब के पूर्व मुख्य मंत्री श्री प्रकाश सिंह बादल का जन्म 8 दिसम्बर, 1927 को पंजाब के अबुल खुराना ग्राम में हुआ। आपने लाहौर के कालेज से स्नातक उपाधि प्राप्त की।

श्री प्रकाश सिंह बादल पंजाब विधान सभा के दस बार सदस्य निर्वाचित हुए। दीर्घ संसदीय अनुभव रखने वाले श्री बादल पंजाब विधान सभा की कई समितियों के सदस्य रहे। आप तीन बार पंजाब विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष भी रहे। कुशल प्रशासक रहे श्री बादल पंजाब के पांच बार मुख्य मंत्री रहे। आपके कार्यकाल के दौरान आप पंजाब के सर्वांगीण विकास के लिये सदैव प्रयासरत रहे। आप पंजाब सरकार में विभिन्न विभागों के मंत्री भी रहे। श्री बादल वर्ष 1977 में फरीदकोट संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से सांसद निर्वाचित हुए तथा केन्द्रीय सरकार में मंत्री भी रहे।

अपने सार्वजनिक जीवन में आप ग्राम पंचायत बादल के सरपंच रहे। अनेक सामाजिक एवं कृषि संगठनों से सम्बद्ध रहे श्री बादल ने शिक्षा प्रसार, स्वास्थ्य सेवा सुधार, आर्थिक विकास, कृषि और औद्योगिक विकास के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। आपके उल्लेखनीय कार्यों के लिए आपको वर्ष 2015 में 'पद्मविभूषण' से सम्मानित किया गया।

शिरोमणी अकाली दल के दीर्घ काल तक अध्यक्ष रहे श्री बादल ने सामाजिक सरोकारों के लिए संचालित विभिन्न आन्दोलनों में सक्रिय भाग लिया तथा जेल यात्रा की।

श्री प्रकाश सिंह बादल का दिनांक 25 अप्रैल, 2023 को निधन हो गया।

## अब्दुल अजीज, श्री, पूर्व राज्य मंत्री

पूर्व सदस्य एवं राज्य मंत्री श्री अब्दुल अजीज का जन्म 12 जुलाई, 1937 को मकराना, जिला नागौर में हुआ। आपने बी.एससी. व एलएल.बी. की उपाधियां प्राप्त कीं।

(श्री अध्यक्ष)

श्री अब्दुल अजीज छठी, आठवीं तथा ग्याहवीं राजस्थान विधान सभा में मकराना विधान सभा क्षेत्र से विधायक निर्वाचित हुए। छठी एवं ग्यारहवीं विधान सभा में आप इण्डियन नेशनल कांग्रेस तथा आठवीं विधान सभा में लोक दल के विधायक रहे। विधान सभा के कार्यकाल के दौरान आप गृह समिति, पुस्तकालय समिति, प्राक्कलन समिति 'ख' तथा विशेषाधिकार समिति के सदस्य रहे।

आप राजस्थान सरकार में 5 दिसम्बर, 1998 से 13 मई, 2002 तक वक्फ, भाषायी अल्पसंख्यक, सांख्यिकी, प्राथमिक तथा माध्यमिक शिक्षा विभाग एवं भाषा विभाग के राज्य मंत्री भी रहे।

नगरपालिका, मकराना में पार्षद रहे श्री अब्दुल अजीज अंजुमन स्कूल, मकराना के सचिव, राजस्थान मिनरल डवलपमेंट सलाहकार समिति के सदस्य तथा मार्बल माइंस एवं क्वारीज एसोसिएशन व सुधार कमेटी, मकराना के सचिव भी रहे।

श्री अब्दुल अजीज का दिनांक 10 जुलाई, 2023 को निधन हो गया।

## पुष्पा देवी, श्रीमती, पूर्व सदस्या

पूर्व सदस्य श्रीमती पुष्पा देवी का जन्म 26 जनवरी, 1930 को दिल्ली में हुआ। आपने विशारद तथा हिन्दी प्रभाकर की शिक्षा प्राप्त की।

श्रीमती पुष्पा देवी आठवीं राजस्थान विधान सभा में अलवर विधान सभा क्षेत्र से कांग्रेस (आई) की विधायक निर्वाचित हुईं। विधान सभा के कार्यकाल के दौरान आप याचिका समिति तथा नियम समिति की सदस्य रहीं।

अपने सार्वजनिक जीवन में श्रीमती पुष्पा देवी नगर परिषद्, अलवर की पार्षद तथा खादी बोर्ड की अध्यक्ष रहीं। आप समाज कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष, नारी उद्योग शाखा अलवर की उपाध्यक्ष तथा राज्य बाल श्रमिक सलाहकार मण्डल की सदस्य भी रहीं।

श्रीमती पुष्पा देवी का दिनांक 15 जून, 2023 को निधन हो गया।

## भंवरलाल जोशी, श्री, पूर्व सदस्य

पूर्व सदस्य श्री भंवरलाल जोशी का जन्म 7 जुलाई, 1926 को लाडपुरा, भीलवाड़ा में हुआ। आपने हाई स्कूल तक की शिक्षा प्राप्त की।

श्री भंवरलाल जोशी नौवीं राजस्थान विधान सभा में माण्डलगढ़

(श्री अध्यक्ष)

निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस (आई) के विधायक निर्वाचित हुए। विधान सभा के कार्यकाल के दौरान आप प्रश्न एवं संदर्भ समिति के सदस्य रहे।

ग्राम पंचायत, लाडपुरा के सरपंच रहे श्री जोशी डेढ़ दशक तक पंचायत समिति, माण्डलगढ़ के प्रधान रहे। ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिए समर्पित रहे श्री जोशी भूमि विकास बैंक के निदेशक, ग्राम सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष तथा कृषि उपज मण्डी के निदेशक भी रहे। स्वतंत्रता आन्दोलन में सक्रिय भूमिका निभाने वाले श्री जोशी ने अनेक आन्दोलनों का नेतृत्व किया।

समाज सेवा के लिए प्रतिबद्ध रहे श्री जोशी अनेक सामाजिक संगठनों से सम्बद्ध रहे। आप चारभुजा प्रबंध समिति, सिंगोली तथा जोगणिया माता शक्तिपीठ के अध्यक्ष भी रहे।

श्री भंवरलाल जोशी का दिनांक 17 जून, 2023 को निधन हो गया।

मैं सदन के सभी माननीय सदस्यों की ओर से दिवंगतों के प्रति शोक प्रकट करते हुए उनके परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं तथा दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि दिवंगत आत्माओं को शान्ति प्रदान करे तथा उनके शोकसंतप्त परिजनों को उनका बिछोह सहन करने की शक्ति दे।

## बालासोर (ओडिशा) में रेल हादसे के मृतक

दिनांक 2 जून, 2023 को ओडिशा के बालासोर जिले के बहानागा रेलवे स्टेशन के समीप दो यात्री गाड़ियों की खड़ी मालगाड़ी से टक्कर हो गयी। इस हृदय विदारक रेल दुर्घटना में लगभग 393 लोगों की मृत्यु हो गयी तथा लगभग 1000 से अधिक लोग घायल हो गये।

यह सदन इन दुर्घटना में मारे गये लोगों के प्रति शोक प्रकट करता है।

माननीय सदस्यगण, कृपया दो मिनट मौन खड़े रहकर दिवंगत आत्माओं की शान्ति के लिए प्रार्थना करें।

**(तदनन्तर सदन ने दो मिनट मौन खड़े रहकर श्रद्धांजलि अर्पित की)**

सदन की बैठक सोमवार, दिनांक 17 जुलाई 2023 के प्रातः 11.00 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

**(तदनन्तर सदन की बैठक 13.30 बजे सोमवार, दिनांक 17 जुलाई 2023 के 11.00 बजे तक के लिए स्थगित हुई।)**